यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम

Union Bank of India
A Government of India Undertaking

प्रेस विज्ञप्ति

30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

वित्तीय वर्ष 27 की दूसरी तिमाही के मुख्य बिन्दु

1. **वित्तीय कार्यनिष्पादन:**
   वित्तीय वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक का शुद्ध लाभ ₹ 5,537 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक की ब्याज आय ₹ 28,158 करोड़ रुपये है।

2. **कारोबार में वृद्धि**
   बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष 12.01% की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर 18.53% की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर 6.87% की वृद्धि हुई है। 30 सितम्बर, 2026 तक बैंक का कुल कारोबार ₹ 24,75,330 करोड़ है।

3. **जमा में वृद्धि**
   वैश्विक जमाराशि में वर्ष दर वर्ष 6.87% की वृद्धि हुई है। 30 सितम्बर, 2026 तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार ₹ 13,19,455 करोड़ है।

4. **रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र में वृद्धि**
   बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर 14.65% की वृद्धि हुई है, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में 11.24% की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में 22.39% की वृद्धि हुई है। घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम 57.47% है।

5. **एनपीए में कमी: -**
   30.09.2026 को सकल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 87 बीपीएस की गिरावट के साथ 2.42% है तथा निवल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 13 बीपीएस की गिरावट के साथ 0.42% है।

6. **सशक्त पूंजी अनुपात**
   सीआरएआर 30.09.2026 को 17.94% है। सीईटी-1 अनुपात दिनांक 30.09.2025 के 14.37% के सापेक्ष 30.09.2026 को सुधार के साथ 16.05% है।

7. **प्रतिलाभ:**
   वित्तीय वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक का आस्तियों एवं इक्विटी पर प्रतिलाभ क्रमशः 1.38% एवं 17.21% है।

Union Ease NextGen Banking App
UNION connect
Union biz

परिणाम की मुख्य विशेषताएँ

मद (₹ करोड़ में)	तिमाही			छमाही		
	जून -26 (तिमाही)	सितंबर-26 (तिमाही)	QoQ (%) / bps	सितंबर-25 (तिमाही)	सितंबर-26 (तिमाही)	YoY (%) / bps
कुल कारोबार	23,79,697	24,75,330	4.02	22,09,828	24,75,330	12.01
वैश्विक जमा	12,83,366	13,19,455	2.81	12,34,621	13,19,455	6.87
चालू जमा	73,989	81,607	10.30	63,010	81,607	29.51
बचत जमा	3,76,316	3,79,121	0.75	3,38,844	3,79,121	11.89
कासा	4,50,305	4,60,728	2.31	4,01,854	4,60,728	14.65
कासा (%)-घरेलू	35.10	34.93	-17	32.56	34.93	237
सीडी अनुपात (%)	86.10	88.13	203	79.67	88.13	846
खुदरा	2,56,653	2,65,323	3.38	2,38,506	2,65,323	11.24
कृषि	1,83,184	1,89,810	3.62	1,68,405	1,89,810	12.71
एमएसएमई	1,68,258	1,80,394	7.21	1,47,395	1,80,394	22.39
रैम अग्रिम	6,08,095	6,35,527	4.51	5,54,306	6,35,527	14.65
सकल अग्रिम	10,96,331	11,55,876	5.43	9,75,207	11,55,876	18.53
आय						
ब्याज आय	27,203	28,158	3.51	53,110	55,361	4.24
ब्याज से इतर आय	4,603	4,651	1.04	9,482	9,254	-2.40
ब्याज व्यय	17,166	17,576	2.39	35,185	34,742	-1.26
परिचालन व्यय	6,638	7,126	7.36	13,684	13,764	0.58
निवल ब्याज आय	10,037	10,583	5.43	17,925	20,620	15.03
परिचालन लाभ	8,003	8,108	1.31	13,723	16,110	17.39
निवल लाभ	5,332	5,537	3.84	8,365	10,870	29.95
अनुपात						
एनआईएम (%)	2.80	2.86	6	2.71	2.83	12
जमा लागत (%)	5.05	5.01	-4	5.50	5.03	-47
अग्रिम से प्राप्त लाभ(%)	7.90	7.90	0	8.42	7.90	-52
आय लागत अनुपात (%)	45.34	46.78	144	49.93	46.07	-386
आरओए (%)	1.36	1.38	2	1.13	1.37	24
आरओई (%)	17.23	17.21	-2	14.84	16.89	205
सकल एनपीए (%)	2.65	2.42	-23	3.29	2.42	-87
निवल एनपीए(%)	0.47	0.42	-5	0.55	0.42	-13
पीसीआर (%)	95.05	95.20	15	95.13	95.20	7
क्रेडिट लागत (%)	0.38	0.21	-17	0.34	0.29	-5
सीईटी-1 (%)	16.38	16.05	-33	14.37	16.05	168
सीआरएआर (%)	18.46	17.94	-52	17.07	17.94	87

प्रेस विज्ञप्ति

नेटवर्क:

- **8713 शाखाएँ, विदेशी शाखाओं सहित**
- **8815 एटीएम**
- **28654 बीसी केंद्र**
- **138 एमएलपी (एमएसएमई ऋण केंद्र)**
- **143 आरएलपी (खुदरा ऋण केंद्र)**
- **117 एमएसएमई फ़र्स्ट, शाखाएं**
- **1670 गोल्ड ऋण केंद्र**
- **11 लार्ज कॉर्पोरेट शाखाएं एवं 38 मिड कॉर्पोरेट शाखाएं**
- **3 सैमबी एवं 27 एआरबी**

वित्तीय समावेशन योजनाएं:

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेडीवाई और एपीवाई के माध्यम से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन योजनाओं का उद्देश्य बाधाओं को समाप्त करना और समाज के निम्न आय वर्ग को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है।

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**
  यह एक सरकार द्वारा समर्थित जीवन बीमा योजना है, जिसमें 30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 6.23 लाख नए नामांकन किए गए हैं।

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**
  यह एक सरकार द्वारा समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है, जिसमें 30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 21.76 लाख नए नामांकन किए गए हैं।

- **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**
  हमारे बैंक ने 30.09.2026 तक पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत ₹ 16,671 करोड़ की राशि के कुल 3.49 करोड़ खाते खोले हैं। 30.09.2025 तक ₹ 13,864 करोड़ की राशि के कुल 3.33 करोड़ खाते खोले गए थे।

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**
  एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों पर लक्षित है तथा 30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 2.85 लाख नए नामांकन किए गए हैं।

- **महिला उद्यमियों के लिए यूनियन नारी शक्ति योजना**:
  वित्तीय वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के दौरान ₹ 346 करोड़ के 1,995 आवेदन मंजूर किए गए।

- **हरित पहल हेतु ऋण सुविधा: -**
  1) **नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र: -** 30.09.2026 तक ₹ 39110 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई।
  2) **यूनियन ग्रीन वाहन: -** 30.09.2026 तक ₹ 3731 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई।

दिनांक: 19 अक्तूबर, 2026
स्थान: मुंबई